दैनिक न्याय साक्षी
संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल
रायगढ़, सोमवार 26 सितंबर 2022
www.nyaysakshi.com


संपादकीय

# क्या कोई समाधान है?

पिछले महीने दोनों देशों के बीच 11.49 बिलियन डॉलर का कारोबार हुआ। उसमें भारत से निर्यात सिर्फ 1.26 बिलियन डॉलर है, जबकि भारत ने चीन से 10.23 बिलियन डॉलर का आयात किया। जाहिर है, व्यापार घाटा लगभग 10 बिलियन डॉलर का रहा।

भारत और चीन के बीच व्यापार में ये पक्तियां हर रोज ज्यादा सच होती जा रही हैं कि मर्ज बढ़ता ही गया, ज्यों-ज्यों दवा की। पिछले ढाई साल से नैरेटिव यह है कि भारत चीन पर आर्थिक नकेल कसने की कोशिश में है। मगर हर महीने जब आयात-निर्यात के आंकड़े आते हैं, तो उलटी कहानी नजर आती है। 2021 के पूरे साल में दोनों देशों का कारोबार 126 बिलिनय डॉलर तक पहुंच गया था। इसमें उतनी चिंता की बात नहीं होती, अगर आयात-निर्यात में संतुलन नजर आता। मगर कहानी यह थी कि भारत ने सिर्फ लगभग 27 बिलियन डॉलर का निर्यात किया, जबकि लगभग 99 बिलियन डॉलर का यहां आयात हुआ। बीच में ये खबर आई थी कि अब अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापार साझीदार बन गया है। लेकिन अब जारी हुए अगस्त के आंकड़ों के मुताबिक यह दर्जा फिर चीन ने हासिल कर लिया है। मगर चिंता की बात फिर व्यापार असंतुलन है। गौर कीजिए: पिछले महीने दोनों देशों के बीच 11.49 बिलियन डॉलर का कारोबार हुआ।

उसमें भारत से निर्यात सिर्फ 1.26 बिलियन डॉलर है, जबकि भारत ने चीन से 10.23 बिलियन डॉलर का आयात किया। जाहिर है, व्यापार घाटा लगभग 10 बिलियन डॉलर का रहा। कुछ विशेषज्ञों ने इसका कारण यह बताया है कि भारत में अर्थव्यवस्था गति पकड़ रही है, इसलिए आयातित चीजों की मांग बढ़ी है। मगर ये सवाल उठेगा कि भारतीय कारोबार जगत के सहयोगी उद्योग देश में विकसित क्यों नहीं हो रहे हैं? स्वस्थ औद्योगिक ढांचा वह होता है, जिसमें इनपुट सामग्रियों की सप्लाई का चेन भी आसपास बनता जाता है। उससे रोजगार के अवसरों और समृद्धि का विस्तार होता है। वरना, अगर कुछ बड़े उद्योग चीन से सामग्रियां मंगवा कर मुनाफा कमा रहे हैं, तो यह देश की आम खुशहाली का मॉडल नहीं हो सकता। फिर ये प्रश्न भी है कि अगर अर्थव्यवस्था गति पकड़ ही है, तो उसी अनुपात में भारत से निर्यात क्यों नहीं बढ़ रहे हैं? इसलिए इस समस्या का सरलीकृत उत्तर देने की कोशिश नहीं की जाना चाहिए। बल्कि आखिर इसका क्या समाधान है, इस सवाल पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

# मेक इन इंडिया के आठ साल पूरे, चालू वित्त वर्ष में एफडीआई के 100 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान




**नई दिल्ली ।** सरकार ने कहा है कि उसका एक प्रमुख कार्यक्रम मेक इन इंडिया भारत की अर्थव्यवस्था का कायाकल्प करते हुए इसे दुनिया के एक प्रमुख विनिर्माण केंद्र और निवेश स्थल के रूप में विकसित कर रहा है। सरकार का कहना है कि इस कार्यक्रम से देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) तेजी से बढ़ा है और यह चालू वित्त वर्ष में 100 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा।

यह कार्यक्रम भारत में निवेश को सुगम बनाने, नवप्रवर्तन को प्रोत्साहित करने, कौशल विकास और विश्व-स्तरीय विनिर्माण सुविधाओं के विस्तार के लिए मोदी सरकार द्वारा 2014 में शुरू किया था। मेक इन इंडिया के 25 सितंबर 2022 को आठ वर्ष पूरे हो रहे हैं।

इस अवसर पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन आठ वर्षों में भारत में वार्षिक एफडीआई दोगुना होकर 83 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। मंत्रालय ने कहा है, केंद्र सरकार देश में सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रही है ताकि प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को प्राप्त किया जा सके।

बयान में कहा गया है कि इकाइयों पर नियमों के अनुपालन का बोझ हल्का होने से लागत कम हुयी है और भारत में कारोबार करना आसान हुआ है। सरकार द्वारा शुरू की गयी उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) से अबतक स्वीकृत सभी 14 क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर विनिर्माण को भारी बढ़ावा मिला है।

मंत्रालय ने कहा है कि इस वर्ष अप्रैल से अगस्त के बीच भारत से खिलौनों का निर्यात 2013 की इसी अवधि की तुलना में 636 प्रतिशत ऊंचा रहा। बयान में इस बात का उल्लेख है कि वर्ष 2014-15 में एफडीआई 45.15 अरब डॉलर के बराबर था जो वित्त वर्ष 2021-22 में 83.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया। भारत में 31 राज्य और केंद्रशासित क्षेत्रों में 57 तरह के उद्योग धंधों में एफडीआई हुआ है। दुनिया के 101 देशों की कंपनियां भारत में सीधे निवेश काम कर रही हैं।

मंत्रालय का दावा है कि चालू वित्त वर्ष में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 100 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा।

# भारत में स्वीडन कंपनियों को लेकर रिपोर्ट जारी

**नई दिल्ली।** टीम स्वीडन इन इंडिया ने भारत में स्वीडन कंपनियों के कार्यालयों, संयंत्रों, संचालन और मूल्य श्रृंखला में स्वच्छ परिवर्तन के लिए किए जा रहे कार्यों को लेकर 'ए ग्रीन जर्नी-स्वीडिश कंपनीज इन इंडिया 2022' नाम से एक रिपोर्ट जारी की।

रिपोर्ट के अनुसार स्वीडन की कंपनियां स्वच्छ परिवर्तन के नए दौर में सबसे आगे हैं और पर्यावरण को स्थिरता प्रदान करना उनके लिए बुनियादी महत्व रखता है। इसमें सभी कंपनियां पर्यावरण नियमों के अनुपालन से एक कदम बढ़ कर प्रदर्शन में सुधार कर रही हैं।

जल संरक्षण में 43 प्रतिशत कंपनियों ने लक्ष्य बनाए हैं और 78 प्रतिशत कंपनियों ने इस दिशा में खास पहल भी की है जबकि 51 प्रतिशत कंपनियां वर्षा जल संचय करती हैं।

रिपोर्ट के अनुसार 67 फीसदी कंपनियां वहनीयता के अपने मुद्दे में पुनर्चक्रण देती हैं। सभी कंपनियों का प्रयास है कि कचरा कम से कम हो और 55 प्रतिशत कंपनियां अपने उत्पादों या पैकेजिंग के काम में पुनर्चक्रण के साथ कच्चे माल का उपयोग करती हैं।

ऊर्जा खपत में कमी के लक्ष्य को 45 प्रतिशत कंपनियों ने निर्धारित किया हैं जिनमें परिवहन से संबंधित लक्ष्य भी हैं। जबकि 51 प्रतिशत कंपनियों ने ऊर्जा खपत कम करने के लिए तकनीकी या प्रक्रिया बदलने की जानकारी दी है।

भारत में स्वीडन के राजदूत क्लास मोलिन ने कहा,स्वीडन-भारत साझेदारी में वहनीयत की बुनियादी अहमियत बढ़ गई है। दोनों देशों का साझा लक्ष्य स्वच्छता का नया दौर शुरू करना और उसे गतिमान बनाए रखना है। यह द्विपक्षीय आदान-प्रदान, संयुक्त भागीदारी और व्यापार के अवसर सभी में दोनों तरफ विद्यमान है। वहनीयता सदैव सफल रहे इसके लिए सरकार, शिक्षा और उद्योग जगत सभी को योगदान देना होगा।

# ग्वाटेमाला प्रदर्शनी में भारतीय हस्तशिल्प ने बिखेरी चमक

**नई दिल्ली ।** लातिन अमेरिकी देश ग्वाटेमाला मेड इन इंडिया व्यापार प्रदर्शनी में भारत के 10 राष्ट्रीय दिग्गज शिल्पकार और निर्यातक हस्तशिल्प उत्पादों की विशाल श्रृंखला पेश कर भारतीय हस्तशिल्प की चमक बिखेर रहे हैं। लातिन अमेरिकी क्षेत्र में भारत के हस्तशिल्प और कलात्मक उत्पादों की अच्छी मांग है और पिछले वित्त वर्ष के दौरान भारत से 682 करोड़ रुपये मूल्य के हस्तशिल्प का निर्यात हुआ था।वस्त मंत्रालय की हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) द्वारा वहां भारतीय राजनयिक मिशन के सहयोग से ग्वाटेमाला सिटी में तीन दिन की यह प्रदर्शनी आज सम्पन्न हो रही है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक राकेश कुमार के हवाले से बताया गया है कि इस प्रदर्शनी में भारतीय हस्तशिल्प निर्माताओं तथा निर्यातकों द्वारा घर के सजावटी सामान, फर्निशिंग, दरी-कालीन, फर्नीचर, लैम्प, फैशन आभूषण व सम्बंधित सामग्रियां, धूप-अगरबत्ती, खुशबूदार तथा आरोग्य उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं।

# रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड खरीदेगी अमेरिका की 'कैलक्स' में 20 हिस्सेदारी, लगाएगी 1.2 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** अरबपति मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड (आरएनईएल), ने कैलिफोर्निया की कंपनी कैलक्स कॉर्पोरेशन में 1.2 करोड़ डॉलर लगा कर उसकी 20 हिस्सेदारी हासिल करने की शुक्रवार को घोषणा की। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि इस अधिग्रहण का लक्ष्य अगली पीढ़ी की सौर प्रौद्योगिकी का विकास करना है और इससे 'एडवांस सोलर सेल टेक्नोलॉजी' में कंपनी की ताकत बढेगी।




विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों कंपनियों ने इसके लिए एक रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। उल्लेखनीय है कि रिलायंस गुजरात के जामनगर में एक विश्वस्तरीय, एकीकृत विशाल फोटोवोल्टिक फैक्ट्री स्थापित कर रही है। इस निवेश के साथ ही रिलायंस, कैलक्स के उत्पादों का लाभ उठा सकेगी और 'अधिक शक्तिशाली' और कम लागत वाले सौर मॉड्यूल्स का उत्पादन कर सकेगी।

उम्मीद है कि इस सौदे से कैलक्स को भी प्रौद्योगिकी विकास और अमेरिकी के साथ दुनिया भर के बाजारों में पैर जमाने में मदद मिलेगी।

विज्ञप्ति के अनुसार कैलक्स, पेरोव्स्काइट-आधारित सोलर टैक्नोलॉजी के लिए जानी जाती है। कंपनी उच्च दक्षता वाले सौर मॉड्यूल बनाती है जो 20 प्रतिशत अधिक ऊर्जा का उत्पादन कर सकती है। 25 साल तक बिजली पैदा कर सकने वाले, इसके सोलर प्रोजेक्ट की लागत भी काफी कम होती है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश डी अंबानी ने कहा, कैलक्स में निवेश 'विश्व स्तरीय हरित ऊर्जा निर्माण' ईको सिस्टम बनाने की हमारी रणनीति के अनुरूप है। हमारा मानना है कि कैलक्स की पेरोव्स्काइट-आधारित सोलर टैक्नोलॉजी और क्रिस्टलीय सौर मॉड्यूल, हमें अगले चरण तक पहुंचने में मदद करेंगे। हम इसके उत्पाद विकास और इसकी प्रौद्योगिकी के व्यावसायीकरण में तेजी लाने के लिए कैलक्स टीम के साथ काम करेंगे।

# 7वें पुलिस जूडो क्लस्टर में सीआईएसएफ ने पहला स्थान हासिल किया

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने 7वें अखिल भारतीय पुलिस जूडो क्लस्टर-2022 में 71 पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया।

सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने 50 पदक के साथ प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया जबकि भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की टीम कुल 50 पदक जीतकर तीसरे स्थान पर रही।

सीआईएसएफ ने पांच दिवसीय प्रतियोगिता में 27 स्वर्ण, 13 रजत और 31 कांस्य पदक जीते। एसएसबी ने 21 स्वर्ण, 21 रजत और 25 कांस्य हासिल किये जबकि आईटीबीपी ने 21 स्वर्ण, 17 रजत और 12 कांसे के तमगे जीते।

सीआईएसएफ द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के समापन समारोह में शनिवार को भारत के लोकपाल की सदस्य अर्चना रामासुंदरम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर सीआईएसएफ के महानिदेशक शीलवर्धन सिंह, आसूचना ब्यूरो के विशेष निदेशक मनमोहन सिंह, सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



श्री सिंह ने जूडो क्लस्टर में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाली टीमों को बधाई दी और क्लस्टर के दौरान पदक जीतने वाले सीआईएसएफ के खिलाडिय़ों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों ने सच्ची खेल भावना से खेलकर क्लस्टर के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

श्री सिंह ने कहा कि इस क्लस्टर में भाग लेने वाले प्रतिभागी और अधिकारी प्रतियोगिता की मधुर यादों को संजो कर रखेंगे।

श्रीमती रामसुंदरम ने विजेताओं को बधाई दी और कहा कि 500 से अधिक महिला खिलाडिय़ों का क्लस्टर में भाग लेना गर्व का विषय है। उन्होंने इस सम्मानित जूडो क्लस्टर के आयोजन के लिए सीआईएसएफ द्वारा निभाई गई भूमिका की सराहना की और क्लस्टर के सफल संचालन में योगदान के लिए सीआईएसएफ के सभी अधिकारियों और सदस्यों को बधाई दी।

# कबड्डी में शेखावटी किंग्स और जयपुर जगुआर के बीच मुकाबला रहा टाई



**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में एटलेंचर स्पोर्टस द्वारा आयोजित केईआई रियल कबड्डी लीग सीजन 2 में चौथे दिन चार मुकाबले हुए जिसमें शेखावटी किंग्स और जयपुर जगुआर की टीम के बीच मुकाबला बराबरी पर छूटा वहीं सिंह सूरमा और चंबल पाइरेट्स के बीच हुए कांटे की टक्कर के मुकाबले में सिंह सूरमा ने तीन अंकों से मैच जीता जबकि अन्य दो मुकाबले एक तरफा रहे।

आज का पहला मैच शेखावटी किंग्स और जयपुर जगुआर के बीच टाई रहा और मैच के पहले हाफ में शेखावाटी ने 23 अंक लेकर आक्रामक खेल दिखाते हुए जयपुर जगुआर दबाव बना लिया और जयपुर 17 अंकों तक ही पहुंच सका। लेकिन सेकंड हाफ में जयपुर जगुआर के राइडर्स ने जंप करते हुए पलटवार करने से मैच परवान चढ़ा और मैच को कांटे की टक्कर में ला दिया और स्कोर शेखावाटी 30 एवं जगुआर 28 पर पहुंच गया। मैच में दोनों टीमों ने पूरी ताकत झौंक दी और सांसे अटका देने वाले इस मैच में दोनों का स्कोर 33-31 पर पहुंच गया लेकिन अंत में दोनों टीमों की जबरदस्त डिफेडिंग के चलते मैच टाई हो गया। दीपांशु मैन ऑफ द मैच रहे।

कांटे की टक्कर वाला तीसरा मुकाबला सिंह सूरमा और चंबल पाइरेट्स के बीच हुआ जिसमें मैच के शुरुआत से ही दोनों टीमें एक दूसरे पर भारी पडऩे की कोशिश करती दिखाई दी। लेकिन मैच के अंतिम क्षणों में सिंह सूरमा ने 31 पॉइंट्स हासिल कर चंबल पाइरेट्स 28 पॉइंट्स पर समेटकर जीत हासिल की। भगवान मैन ऑफ द मैच रहे।

दिन के दूसरे मैच में बिकाना राइडर्स और जोधाना वारियर्स के बीच हुए मुकाबले में बिकाना ने एक तरफा खेल दिखाते हुए पहले हाफ में 19 अंक स्कोर कर जोधाना को 10 अंकों पर समेट दिया।

# 14 अक्टूबर को रिलीज होगी फिल्म मोदी जी की बेटी

जल्द ही रूपहरे पर्दे पर निर्माता व लेखक अवनि मोदी की फिल्म मोदी जी की बेटी आ रही हैं।इस फिल्म में वह स्वयं मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी।अवनि के साथ इस फ़िल्म में जाने माने एड फ़िल्म निर्देशक एडी सिंघ भी इस फ़िल्म के निर्माता और निर्देशक हैं। वर्तमान समय में जहां अधिकांश फिल्में या तो रिमेक होती है या फिर बायोपिक या फिर पुराने कॉन्सेप्ट पर आधारित रहती हैं।

ऐसी फिल्मों को देखकर दर्शक ऊब चुके हैं।अब उन्हें नवीन दृष्टिकोण या अलग सोच की कहानी पसंद आती हैं। ऐसे ही दृष्टिकोण और सोच वाली कहानी मोदी जी की बेटी फ़िल्म को बाक़ी फ़िल्मों से अलग बनाती है।मोदी जी की बेटी फिल्म एक लडक़ी की कहानी हैं, जो पाकिस्तान जाकर भारत को गौरवान्वित करती हैं।




फिल्म हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बीच के तनाव और सोच को दर्शाती हैं। भारत हमेशा ही पड़ोसी देश के दोगलेपन को बर्दाश्त करता आया है।अब वह समय आ गया है कि उसका सही प्रकार से जवाब दिया जाए।ताकि वे दोबारा भारत से उलझने की हिम्मत ना करे। इस फिल्म की कहानी में गंभीरता के साथ-साथ ढेर सारी कॉमेडी भी है।

फिल्म में अवनि मोदी कैसे पाकिस्तान पहुँच जाती है और वहां जाके कैसे पूरे पाकिस्तान पर भारी पड़ती है यह दिखाया है।

# तृषा कृष्णन ने पोन्नियिन सेलवन के सेट पर ऐश्वर्या बच्चन के साथ ली सेल्फी

अभिनेत्री तृषा कृष्णन ने मणिरत्नम द्वारा निर्देशित फिल्म पोन्नियिन सेलवन के सेट पर ऐश्वर्या राय बच्चन के साथ एक तस्वीर खींची। अभिनेत्री तृषा कृष्णन द्वारा ली गई इस सेल्फी में ऐश्वर्या और तृषा काफी अच्छी नजर आ रही हैं।



कैप्शन के लिए तृषा ने लिखा, ऐश। फिल्म, जिसका पहला भाग 30 सितंबर को रिलीज होगा। यह एक ऐतिहासिक कहानी है, जो कि महान राजा चोझन के ऊपर है। मणिरत्नम द्वारा अपने ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में वर्णित, फिल्म में अभिनेता विक्रम, ऐश्वर्या, तृषा, कार्थी, जयम रवि, जयराम, पार्थिबन, लाल, विक्रम प्रभु, जयराम, प्रभु और प्रकाश राज सहित कई शीर्ष सितारे नजर आएंगे।

# आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा, जीवनसाथी के साथ मधुरता बनी रहेगी। स्टूडेंट्स की पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी। आज आप बहुत व्यस्त रह सकते हैं।

***वृष :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कोई ऐसा काम आपके पास आएगा, जिससे आपको धन लाभ हो सकता है। इससे आपकी आर्थिक स्थिति पहले से और बेहतर हो जायेगी।

***मिथुन :*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी निजी काम को पूरा करने के लिए बड़े-बुजुर्ग की राय मानना आपके लिए कारगर साबित होगा। घर में बच्चों की बर्थडे पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में रौनक बनी रहेगी।

***कर्क :*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा लाभदायक हो सकती है। आपका व्यवहार दूसरों को प्रभावित कर सकता है। हर तरह के मामलों में आप शांत मन से विचार करेंगे।

***सिंह :*** आज आपका दिन मनोनुकूल रहेगा। कार्यक्षेत्र में कोई महत्वपूर्ण फैसला लेने से आपको फायदा होगा। किसी अनुभवी की मदद से आपको धन लाभ की प्राप्ति होगी। पहले किए गये कामों से आपको लाभ होगा।

***कन्या :*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। कोई काम पूरा होने में थोड़ी परेशानी आ सकती है। किसी अनुभवी की मदद आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। समाज के लोग आपके पक्ष में रहेंगे। दोस्तों का भी आपको भरपूर सहयोग मिलेगा।

***तुला :*** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। किसी सहकर्मी से जरूरी काम पर रोचक चर्चा हो सकती है। दूसरों की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। बच्चों के साथ घर पर समय बिताएंगे जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। इसके अलावा ऑफिस में सहयोगी आपके काम से काफी प्रभावित होंगे।

***धनु :*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के नौकरी करने वालों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है। ऑफिस में काम ज्यादा हो सकता है। आर्थिक स्थिति में कुछ सुधार हो सकता है।

***मकर :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। परिवार के सभी सदस्य आपसे खुश रहेंगे। आपकी सेहत सुधार के प्रयास थोड़े उतार-चढ़ाव के साथ सफल होंगे। ऑफिस में टीम मेंबरों से मधुरता बनाए रखें ।गुस्से पर कंट्रोल रखें।

***कुंभ :*** आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। धन लाभ के नये रास्ते खुले नजर आएंगे। ऑफिस में कोई ऐसा काम आपको मिल सकता है, जिसके लिए आप बहुत दिनों से उत्सुक थे। इस राशि के विवाहितों के लिए दिन यादगार रहने वाला है।

***मीन :*** आज आर्थिक रूप से आपकी प्रगति होना तय है। जीवन में धन लाभ के नये अवसर आयेंगे। रूके हुये काम पूरे होने पर आपको खुशी का अनुभव होगा। सामाजिक कार्यों में आप बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। घर पर अचानक कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं।

# बची-खुची इडली से बनाएं शाम की चाय के लिए जायकेदार टिक्की

इडली खाने में तो बहुत अच्छी लगती है लेकिन 5-6 खाने के बाद एकदम पेट भर जाता है ऐसे में कई बार इडली बच जाती है तो उससे आप तैयार कर सकते हैं जायकेदार स्नैक्स।



## सामग्री :

इडली- 4-5, उबले मैश किए हुए आलू- 1 कप, कटा हुआ गाजर- 1, कटी हुई शिमला मिर्च- 1, मटर- 1/2 कप, लाल मिर्च पाउडर- 1 टीस्पून, काली मिर्च- 1 टीस्पून, धनिया पाउडर- 1 टीस्पून, करी पत्ता- 4-5, सरसों के दाने- 1 टीस्पून

## विधि :

- इडली टिक्का बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में बची हुई इडली को अच्छे से मैश कर लें।
- अब इसमें उबले आलू, कटी गाजर, शिमला मिर्च और उबले मटर डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।
- इसके बाद लाल मिर्च, धनिया, हल्दी, काली मिर्च पाउडर और स्वादानुसार नमक डालकर मिलाएंगे।
- मिक्सचर से छोटे-छोटे बॉल्स बनाएं और हल्का चपटा आकार दें।
- कड़ाही में इतना तेल डालें कि ये टिक्की अच्छी तरह से डूब जाए। क्रिस्पी टिक्की बनाने के लिए पर्याप्त मात्रा में तेल होना और धीमी आंच पर तलना जरूरी है।

# शब्द सामर्थ्य- 205

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 204 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

# सू-दोकू- 205

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.204 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |